### प्रगतिशील किसान समिति का चुनाव स्थगित

# किसानों को सही समय पर दें योजनाओं का लाभ : उपाध्यक्ष

**बीडीओ ने प्रगतिशील किसानों के क्रेटेरिया में आने वाले किसानों एवं समिति के नियमों को विधिवत समझाया**

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को परियोजना निदेशक पलामू के पत्रांक- 209 के आलोक में प्रगतिशील कृषकों को बढ़ावा एवं जागरूकता हेतु प्रखंड किसान सलाहकार समिति के गठन व जागरूकता के लिए प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें हुसैनाबाद मध्य जीप सदस्य व जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, हुसैनाबाद उत्तरी जीप सदस्य राजू मेहता व दक्षिण जीप सदस्य के प्रतिनिधि एवं बीडीओ रतन कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। इस बैठक में पंचायती राज के जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कृषि के क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को सही समय पर ससमय किसानों को पंहुचाने एवं प्रचार प्रसार नहीं होने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि पलामू जिला के अन्य प्रखंडों में इस दिशा में तीव्र काम हो रहा हैं। लेकिन हुसैनाबाद प्रखंड में कोई काम धरातल पर नहीं हुआ हैं। आगे से यह सब लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं उतरी जीप सदस्य राजू मेहता ने कृषि मित्रों व पैक्स सदस्य बनाने से पूर्व हर किसानों को सही जानकारी उपलब्ध कराने की बात कहीं, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान लाभान्वित हो सकें। वही प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य हैं कि हर पंचायत में लघु एवं प्रगतिशील किसानों का एक समिति बने और उनका प्रतिमाह समीक्षा बैठक प्रखंड में हो, जिससे तकनीकी कृषि का विकास हो और क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भर बनें। आगे उन्होंने बताया कि सुबह से वर्षा होने और प्रचार प्रसार में कमी के कारण इस बैठक में किसान नहीं जुट पाये है। जिसके कारण समिति चयन का कार्य अगले आदेश तक स्थगित कर दी गयी हैं। पुनः फिटबैक लेने के बाद इस समिति का चयन किया जाएगा। बीडीओ रतन कुमार ने प्रगतिशील किसानों के क्रेटेरिया में आने वाले किसानों एवं समिति के नियमों को विधिवत समझया और आये हुए किसानों का मोबाईल नम्बर के माध्यम से एक ग्रुप बनाया गया। पंचायती राज जनप्रतिनिधियों ने बारी-बारी से किसानों की समस्याओं से जिप सदस्यों को रू-बरू कराया। इस मौके पर प्रखंड कृषि तकनीकी पदाधिकारी, सहायक तकनीकी पदाधिकारी, किसान मित्र नेता कृष्णा बैठा एवं अन्य कृषि मित्र समेत कई लोग मौजूद थे।

## रेल जीएम ने कई स्टेशनों पर अनाउंसमेंट सिस्टम का किया मुआयना

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में डीडीयू मंडल के अंतर्गत 15 स्टेशनों पर आईपी आधारित सेंट्रलाइज्ड पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का मुआयना किया गया। रेल पदाधिकारियों ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत स्टेशनों पर सुविधाओं के उन्नतिकरण के क्रम में डीडीयू मंडल के इन स्टेशनों पर इस आधुनिक अनाउंसमेंट सिस्टम की शुरूआत की गई है। जिनमें डेहरी ऑन सोन, हैदरनगर, जपला, मोहम्मदगंज, नबीनगर रोड समेत 15 स्टेशन शामिल हैं इस सिस्टम की स्थापना हो जाने से इन स्टेशनों पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम का एकीकरण हो गया है। उन्होंने बताया कि इस आधुनिक सिस्टम का उद्देश्य केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से किसी भी रेलवे स्टेशन या रेलवे स्टेशनों के समूह में यात्रियों और कर्मचारियों के लिए स्वचालित और मैन्युअल ध्वनि घोषणा प्रसारित करना है। इस दौरान डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वाधीनता दिवस के मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल स्वाधीनता दिवस के मौके पर संस्था के कार्यालय सहित क्षेत्र के कई जगहों पर ध्वजारोहण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश के नौजवान वीर सपूतों की शहादत से मानव जैसे शत्रु से पहली आजादी की जंग हम जीत चुके हैं। परंतु प्रदूषण नामक शत्रु से आजादी की दूसरी बड़ी लड़ाई लड़ना अभी बाकी रह गया है। प्रदूषण के कहर से पूरे विश्व में तबाही मची हुई है। इस तबाही से आजादी के लिए दुनिया के तमाम लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा। इसके लिए देश के सभी लोगों को पौधा लगाकर उसे अपने बच्चें की तरह बचाना होगा। क्योंकि उसके सिवाय और कोई दूसरा विकल्प नहीं है । मुखिया सह विपिएसए संस्था के प्रधान सचिव पूनम जायसवाल ने बैठक कर लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि प्रसिद्ध पर्यावरणविद के जन्म भूमि पंचायत में बहुत जल्द ही लाइब्रेरी, विवाह मंडप के साथ नवा टोली और बेलटाढ में सड़क निर्माण का शिलान्यास और पेयजल के लिए घर-घर में कनेक्शन होने वाला है । पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र, प्लस 2 उच्च विद्यालय, एनएच 98 से सड़क निर्माण, पार्क जैविक उद्यान साप्ताहिक बाजार और पंचायती राज अधिनियम के तहत अबतक 50 मामले का निष्पादन किया गया है। मौके पर उप मुखिया नगीना खातून, ग्राम सेवक प्रेमचंद , सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, सुभाष चंद्र गुप्ता, सुदामा प्रसाद,सुमित कुमार, अमन कुमार, सी एच ओ निसी, राम लालू प्रसाद राजेश्वर विश्वकर्मा, शिवनाथ राम, जुम्मन अंसारी, बाबूराम, कृष्णा सिंह, कृष्णा प्रसाद, विनोद राम, रामाशीष राम, ब्रीज मोहन सिंह, अरविंद यादव, नगाड़ा अंसारी, मोहिदीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढाब एनएच 98 रिलायंस पेट्रोल पंप समीप बुधवार की देर रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से 55 वर्षीय गोपाल साव की मौत हो गयी। मृतक की पहचान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भंडार गांव निवासी स्व. रामदेनी साव के पुत्र गोपाल साव के रूप में हुयी है। मृतक के भतीजा सह समाजसेवी ओम कुमार उर्फ भोला गुप्ता ने बताया कि उनके चाचा गोपाल साव ढाब बाजार से अपने घर भंडार जा रहे थे, तभी रास्ते में रिलायंस पेट्रोल पंप समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। वही सड़क हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों ने गोपाल साव को हरिहरगंज सीएससी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास दल बल के साथ सीएचसी पहुंचकर शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। वही मृतक की पत्नी हीरदा देवी सहित परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

## स्थानांतरित अंचलाधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को एक समारोह का आयोजन कर पांकी से स्थानांतरित हुए अंचल अधिकारी निर्भय कुमार को सम्मानित करके भावभीनी विदाई दी गई। वहीं समारोह में पांकी में नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार का भव्य स्वागत किया गया। पांकी प्रखंड प्रशासन के सौजन्य से आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में उपस्थित पांकी मुखिया संघ सह अंचल कर्मी एवं प्रखंड कर्मियों द्वारा पांकी से स्थानांतरित अंचलाधिकारी निर्भय कुमार को अंग वस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार को अंगवस्त्र एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। वहीं नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार से भी अपनी व्यवहार कुशलता एवं कार्य कुशलता के रूप में एक कुशल प्रशासक के तौर पर अपने दायित्व का निर्वहन किए जाने का अपेक्षा व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, पांकी थाना प्रभारी रोहित प्रसाद यादव, पांकी चिकित्सा प्रभारी रियाज अनवर, मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे, मुखिया मुकेश सिंह, युवा समाजसेवी अरविंद सिंह सहित प्रखंड कर्मी सह अंचल कर्मी के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक ने किया कार्य योजनाओं का शिलान्यास

नवीन मेल संवादाता



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के बेलौदर मोहल्ला में गुरुवार विधायक निधि से विवाह मंडप एवं जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण कार्य योजना का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर वे संकल्प बद्ध है। वही इससे पहले विधायक निधि से सिमरबार गांव में विवाह मंडप एवं जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण कार्य योजना तथा चबूतरा निर्माण योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास में मौजूद विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, सरोज प्रसाद कुशवाहा, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता तथा जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि स्थानीय विधायक द्वारा पूरे क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, जिला सचिव अजय सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, सेवानिवृत्त सैनिक उदय मेहता, रंजन सिंह, संजीत सिंह, मृत्युंजय सिंह, कान्हा सिंह, मुरारी सिंह, डॉ. अनिल सिंह, संजीत सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, श्यामबिहारी सिंह, सीताराम सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कचहरी परिसर में सांकेतिक अनशन का आयोजन

**मेदिनीनगर।** शहर के कचहरी परिसर में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता मणिकांत सिंह और सचिव अभिषेक तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में बारिश के बीच सांकेतिक अनशन का आयोजन हुआ । इस सांकेतिक अनशन का मुख्य प्रयोजन कोयल नदी पर रबर डैम की कार्य योजना युद्ध स्तर पर गतिमान बनाना था। मणिकांत ने कहा कि मंत्री बादल पत्रलेख का धन्यवाद करते हुए हम जिला प्रशासन को गत स्वतंत्रता दिवस पर घोषित रबर डैम की कार्य योजना 30 दिनों के अंदर शुरू करने का अनुरोध करते है । यदि ऐसा नही हुआ तो हम अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने को बाध्य होंगे। अभिषेक तिवारी ने कहा कि ये कार्य जल्द नही किया गया तो 10 महीने के बाद ही जल संकट से पलायन देखना अवश्यंभावी होगा। फल्गु जैसी अभिशप्त नदी को जब रबर डैम से फिर से क्रियाशील बनाया जा सकता है तो कोयल में वह अवश्य ही प्रभावी रहेगा । संचालन कर रहे सूर्यांश प्रताप सिंह ने कहा कि पेयजल आपूर्ति योजना फेज 2 तब तक कारगर नही होगी जब तक कोयल नदी के पानी को बांधा नही जाता।

### एसडीओ को अरविन्द गुप्ता ने सौंपा 11 सूत्री ज्ञापन

## छतरपुर एसडीओ ने कार्रवाई के लिए कार्यपालक अधिकारी को लिखा पत्र

नवीन मेल संवादाता



**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत के गठन के पांच साल पूरे हो गए हैं फिर भी यहां बुनियादी समस्याएं आज भी विद्यमान हैं। मसलन नगर चुनाव के पांच साल बाद नगर में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटें लगने के बाद ही खराब हो रही हैं स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता को देखते हुए स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि इसकी खरीदारी में भारी धांधली बरती गई है। ये बातें एसडीओ को ज्ञापन सौंपने के बाद छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने पत्रकारों से कही। उन्होंने एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर कई मामलों की जांच और कार्रवाई की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटो के लगने के तुरंत बाद खराब होने के कारण उनकी गुणवत्ता की जांच करते हुए खरीदारी में हुए घपले के मद्देनजर दोषियों पर कार्रवाई करने और नगर में लगाए जा रहे लाइटों की खरीदारी में लगभग दो करोड़ 48 लाख की अनुमानित लागत आयी है, अगर प्रति लाइटों की कीमत देखें तो प्रति लाईट की कीमत लगभग 85 सौ पड़ रही है जो कहीं न कहीं प्राक्कलन घोटाले की ओर इशारा कर रहा है। उसकी खरीदारी की जांच कराने। नगर में ऑटो स्टैंड का निर्माण कर मूलभूत सुविधाएं बहाल करने। जलसंकट के मद्देनजर पीएचईडी द्वारा पाँच पांडव पहाड़ी पर निमार्णाधीन पानी टँकी का निर्माण अविलम्ब सुनिश्चित कराने ताकि नगर में व्याप्त जल संकट से निबटा जा सके।हाई मास्ट लाइटों को अविलम्ब बनवाई जाए। अरविन्द ने एसडीओ से आग्रह किया कि नगरहित में वे समस्याओं के निदान की दिशा में पहल करें। वहीं एसडीओ ने तत्काल पहल करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए नगर पंचायत को पत्र लिख निर्देशित किया।

### चोरटिया में अच्छी वर्षा के लिए ग्रामीणों ने शुरू किया अखंड कीर्तन

**विश्रामपुर।** प्रखंड के चोरटिया गांव स्थित शिव मंदिर में अच्छी वर्षा की कामना के साथ ग्रामीणों ने 24 घंटे का अखंड कीर्तन गुरुवार को शुरू किया। अखंड कीर्तन 11 बजे दिन से शुरू हुआ। भाजपा नेता मनीष कुमार ने अखंड कीर्तन की शुरूआत में विशेष पूजा अर्चना के साथ किया। मनीष कुमार ने बताया कि इस बार मानसून किसानो को धोखा दे रहा है। रूठे भगवान इंद्र को मनाने हेतु ग्रामीणों ने अखंड कीर्तन का आयोजन किया है। उम्मीद है कि इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान के बाद क्षेत्र में अच्छी वर्षा होगी। मौके पर शिवपूजन साव, राजेंद्र साव,गणेश विश्वकर्मा, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, भोला यादव, नरेश साव, मिथलेश साव, बसंत साव सहित कई लोग मौजूद थे।


### कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
श्रीमान सिविल जज जूनियर डिविजन द्वितीय,गढ़वा।
O.S-633/2020
मनोज प्रसाद गुप्ता- वादी,
राम सागर प्रसाद वगैरह-प्रतिवादीगण
**नोटिस**
बनाम्
1. ममता देवी पति गोपाल प्रसाद ग्राम + थाना -रेवटी, जिला-सरगुजा (छत्तीसगढ़)
2. सरीता देवी पति सुभाष प्रसाद ग्राम+पो+थाना- वाड्रफनगर, जिला- सरगुजा (छत्तीसगढ़)।

चूं बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको इतिला दी जा रही है कि वादी मनोज प्रसाद गुप्ता द्वारा बँटवारा बाद मेरे न्यायालय में दाखिल किया गया है, जिसमें आपके उपस्थिति हेतु नजारत एवं डाक के द्वारा नोटिस किया था एवं इस बाद में अगली सुनवाई दिनांक 26/09/2023 को, की जायेगी। अतः आप दिनांक 26/09/2033 को समय 10.30 बजे दिन स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
आज दिनांक 14/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से निर्गत किया गया।
हस्ताक्षर
**सिविल जज जूनियर डिविजन-II गढ़वा।**



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

54वीं औपबंधिक सूची जिलाः–चतरा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–21/23<br>2. आवेदक–रामेष्वर महतो<br>3. पिता–स्व0 मुरत महतो<br>4. ग्राम–डाढ़ा 5. पोस्ट–चतरा<br>6. थाना–चतरा 7. प्रखण्ड–चतरा<br>8.. लिंग–पुरूष 9. आयु– 76 वर्ष<br>10. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | चतरा थाना काण्ड सं0 81/83 | नहीं | कारणः–दिनांक–15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन के क्रम में जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना।<br>धारा–188 भा0द0वि0<br>पाटी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–29/23<br>2. आवेदक–सरजु प्रजापति<br>3. पिता–स्व0 रामकिषुन प्रजापति<br>4. ग्राम–दिमा चतरा 5. पोस्ट–अंकित नहीं<br>6. थाना–चतरा 7. प्रखण्ड–चतरा<br>8. लिंग–पुरूष 9. आयु– 62 वर्ष<br>10. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | चतरा थाना काण्ड सं0 81/83 | नहीं | कारणः–दिनांक–15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन के क्रम में जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना।<br>धारा–188 भा0द0वि0<br>पाटी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–28/23<br>2. आवेदक–लक्ष्मण भुईया<br>3. पिता–स्व0 बंगाली भुईया<br>4. ग्राम–पकरिया 5. पोस्ट–चतरा<br>6. थाना–चतरा 7. प्रखण्ड–चतरा<br>7. लिंग–पुरूष 9. आयु– 69 वर्ष<br>8. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | चतरा थाना काण्ड सं0 81/83 | नहीं | कारणः–दिनांक–15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन के क्रम में जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना।<br>धारा–188 भा0द0वि0<br>पाटी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–27/23<br>2. आवेदक–निरन भुईया<br>3. पिता–स्व0 जगेष्वर भुईया<br>4. ग्राम–पकरिया पोस्ट–अंकित नही<br>6. थाना–चतरा प्रखण्ड–चतरा<br>7. लिंग–पुरूष आयु–53 वर्ष<br>8. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | चतरा थाना काण्ड सं0 81/83 | नहीं | कारणः–दिनांक–15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन के क्रम में जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना।<br>धारा–188 भा0द0वि0<br>पाटी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–26/23<br>2. आवेदक–तिलेष्वर भुईया<br>3. पिता–स्व0 बुटा भुईया<br>4. ग्राम–डाढ़ा 5. पोस्ट–चतरा<br>6. थाना–चतरा 7. प्रखण्ड–चतरा<br>8. लिंग–पुरूष 9. आयु–50 वर्ष<br>10. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | चतरा थाना काण्ड सं0 81/83 | नहीं | कारणः–दिनांक–15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन के क्रम में जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना।<br>धारा–188 भा0द0वि0<br>पाटी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–22/23<br>2. आवेदक–गनपत भुईया<br>3. पिता–स्व0 पचन भुईया<br>4. ग्राम–डाढ़ा 5. पोस्ट–चतरा<br>6. थाना–चतरा 7. प्रखण्ड–चतरा<br>7. लिंग–पुरूष 9. आयु–75 वर्ष<br>8. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | चतरा थाना काण्ड सं0 81/83 | नहीं | कारणः–दिनांक–15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन के क्रम में जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना।<br>धारा–188 भा0द0वि0<br>पाटी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–23/23<br>2. आवेदक–मन्नु उराँव<br>3. पिता–स्व0 जगदीष उराँव<br>4. ग्राम–डाढ़ा 5. पोस्ट–चतरा<br>6. थाना–चतरा 7. प्रखण्ड–चतरा<br>8. लिंग–पुरूष 9. आयु–53 वर्ष<br>10. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | चतरा थाना काण्ड सं0 81/83 | नहीं | कारणः–दिनांक–15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य आन्दोलन के क्रम में जेल भरो अभियान चलाना एवं निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना।<br>धारा–188 भा0द0वि0<br>पाटी का नाम–अन्य<br>जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 304801 Home(23-24)#D


**संदेश** सरकार मुफ्त उपलब्ध करा रही है फाइलेरिया रोधी दवा

# फाइलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षितः डॉ. रजनीश

**डॉ रजनीश ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग निश्चिंत होकर फाइलेरिया रोधी दवा खायें**

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डा साहिल नयन रजनीश ,डा राकेश रंजन समेत सभी कर्मचारियों ने फाइलेरिया रोधी दवा सभी के सामने खा कर बताया कि इस दावा से कोई नुकसान नहीं, फायदे ही फायदे हैं। इस दवा के खाने से शरीर में फैले संक्रमण पूरी तरह खत्म हो जाते है। डॉ रजनीश ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग निश्चिंत होकर फाइलेरिया रोधी दवा खाएं। इस दवा से कोई नुकसान नहीं होता है। इस दवा से परेशानी नहीं होती। जिनके भीतर फाइलेरिया के वाहक माइक्रोफाइलेरिया मौजूद हैं और दवा के असर से रोग का खात्मा होने लगता है। ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर सीएचसी- पीएचसी पर रैपिड रिस्पांस टीम बनी हुई है जो फौरन मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा सभी को खाना चाहिए। जिन लोगों में फाइलेरिया पनप रहा होता है, उन्हे रोग से मुक्ति मिल जाती है। जिन लोगों को फाइलेरिया नहीं है, उन्हे दावा का सेवन करने के बाद फाइलेरिया से बचाव होता है। उन्होंने बताया कि मलेरिया की तरह फाइलेरिया भी मच्छर के काटने से होता है। एक ही मच्छर के द्वारा फाइलेरिया के रोगी के बाद दूसरे को काटने से भी यह रोग एक दूसरे में फैलता है। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए दवा का सेवन सभी को करना चाहिए। सरकार इसकी दावा मुफ्त उपलब्ध करा रही है। स्वास्थ्य सहिया व एएनएम दीदी से संपर्क कर फाइलेरिया रोधी दवा प्राप्त करने और उसका सेवन करने की आम लोगों को सलाह दी। मौके पर कई स्वास्थ्य कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की कल्याण विभाग की कार्य योजनाओं की समीक्षा

## उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान एक-एक कर सभी प्रखंडों में चल रहे अल्पसंख्यक कब्रिस्तान चाहरदीवारी निर्माण की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्ट मैट्रिक, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, वैधिक सहायता योजना, धुमकुड़िया भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान चाहरदिवारी योजना, सरना स्थल घेराबंदी योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान एक-एक कर सभी प्रखंडों में चल रहे अल्पसंख्यक कब्रिस्तान चाहरदीवारी निर्माण की जानकरी ली, साथ ही लाभुक समिति का चयन हुआ है या नहीं इससे भी अवगत हुए। इसी क्रम में उन्होंने पाटन के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को स्थल का भौतिक रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने धुमकुड़िया भवन निर्माण,बिरसा आवास योजना, सरना स्थल की घेराबंदी आदि की भी जानकरी ली एवं बिरसा आवास निर्माण में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने पर बल दिया। उन्होंने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निमार्णाधीन सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी तरह के स्कॉलरशिप योग्य छात्रों को तय समय सीमा के भीतर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी,जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू,सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी समेत भवन निर्माण के सहायक अभियंता उपस्थित थे।

## चोरी की बाइक बरामद, एक गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के महिंद्रा आर्केड के सामने लगी एक सुपर स्प्लेंडर मोटरसाईकिल की चोरी 15 अगस्त को कर ली गई थी। यह बाइक रजिउल्लाह रजी की थी। उन्होंने बाइक चोरी का मामला शहर थाना में दर्ज कराया था। शहर थाना प्रभारी के अनुसार इस मामले में पुलिस ने पंडवा थाना के लोहड़ा गांव के विकास कुमार ऊर्फ विक्की पासवान को गिरफ्तार किया और नदी के पास से बाइक बरामद की गई। पुलिस के अनुसार चोरी की इस घटना में शामिल एक अन्य अपराधी की तलाश में पुलिस जुटी है।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

धर्मदास दया कुजूर
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डोरम, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

इच्छा कुमारी
नवरंग चौक, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

परशुराम लोहरा
प्रखंड प्रमुख लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मुखिया संघ
लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

शत्रुघ्न प्रसाद
ओबीसी जिला अध्यक्ष, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मरियम बीबी
मुखिया पति पूर्व मुखिया हफीजुल अंसारी, पंचायत सकलदीप पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अमित कुमार गुप्ता
प्रभारी प्रधानाध्यापक, राजकीयकृत डॉ. अंबेदकर उच्च विद्यालय तेतराई पांकी पालमू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रमिला देवी
मुखिया पंचायत नुरु पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजकुमार प्र. गुप्ता
चेंबर कोषाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रामेश्वर सिंह
पूर्व मुखिया
हेठ पोचरा, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अनारिक राम
उप मुखिया पूर्वी पंचायत पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मिथिलेश पासवान
युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मनिका प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय परिवार संघ, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डा. दिव्या कुजूर
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी मनिका, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अजीत कुमार
भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष मनिका, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दिनेश कुमार
प्रधानाध्यापक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पीरी सरयू, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अंकिता देवी
मुखिया चोरहा पंचायत सरयू, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।


सरस्वती विद्या मंदिर
धर्मपुर, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
दरोगी प्रसाद
प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मनिका, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राणा भानु प्र. सिंह
थाना प्रभारी
मनिका, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बच्चन कु. यादव
प्रांतीय यादव महासभा युवा जिला अध्यक्ष, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अभिषेक कु. सिंह
युवा समाजसेवी
मनिका प्रखंड, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
तारामणि तिर्की
सेविका
जारम, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मधुसूदन प्रसाद
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पुरनी डबरी, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शत्रुघ्न प्रसाद
प्रधानाध्यापक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गणेशपुर, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अशोक मिश्रा
प्रधानाध्यापक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हाटा, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
श्याम जी उरांव
युवा समाजसेवी सह राशन डीलर कल्याणपुर, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुरती देवी
महिला स्वयं सहायता समूह कोटाम गारू, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
महावीर भगत
प्रधानाध्यापक चिपरू सरयू, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रदीप सिंह
पूर्व मुखिया
धनकारा, लातेहार।

ADITYA BIRLA
HINDALCO
हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लि.
चकला कोल माइंस परिवार
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस 2023
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जय हिंद, जय भारत

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
निर्भय कुमार
अंचलाधिकारी पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रंजीत प्रसाद यादव
थाना प्रभारी
पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ. रियाज अनवर
चिकित्सा प्रभारी
पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
लवली गुप्ता
पूर्व जिला पार्षद सह भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
आशीष कुमार
बीपीओ मनरेगा ब्लॉक पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
इंदु देवी
मुखिया पति
युवा समाजसेवी जसवंत चंद्रवंशी पंचायत दूब पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अशोक कु.सिंह
युवा समाजसेवी पंचायत नौडिहा टू सह पांकी विधानसभा पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रेम प्र. गुप्ता
मुखिया पांकी पूर्वी पंचायत पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रदुमन कु. सिंह उर्फ गुड्डू सिंह
मुखिया पंचायत डंडार कला पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मुकेश सिंह
मुखिया सह मुखिया संघ उपाध्यक्ष पंचायत नौडिहा टू पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजेन्द्र पांडे उर्फ जितेन्द्र पांडे
मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष, पंचायत तेतराई पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
साजदा खातून
मुखिया पति युवा समासेवी रफीक अंसारी पंचायत मॉडन पांकी पलामू।

भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता सहित सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।


अजय प्रसाद गुप्ता
भाजपा युवा नेता सह जिला सांसद प्रतिनिधि चतरा लोकसभा पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रीता देवी
मुखिया पति युवा समाजसेवी राजेन्द्र पासवान पंचायत अंबाबार पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुमन कुमारी
मुखिया पति युवा समाजसेवी मिंटी चंद्रवंशी पंचायत पकरिया पांकी पालमू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रीना देवी
मुखिया पति युवा समाजसेवी रिंकू सिंह पंचायत पगार खुर्द पांकी पलामू ।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
चिंता देवी
मुखिया पति युवा समाजसेवी अरबिंद सिंह पंचायत लोहरसी पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
निशा रानी
वार्डन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
तालकेश्वर सिंह
प्रधानाध्यापक रा. कन्या मध्य विद्यालय करार, पांकी पलामू।

# फील्ड फायरिंग रेंज के विरोध में मुख्य सचिव से मिले सांसद, रोक की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
सांसद सुनील कुमार सिंह ने झारखंड सरकार द्वारा चतरा लोकसभा क्षेत्र में देवरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के अवधि विस्तार को लेकर निकाली गई अधिसूचना का विरोध किया है। सांसद व पूर्व विधायक जनार्दन पासवान मुख्य सचिव से भेंट कर निकाली गई अधिसूचना पर रोक लगाने की मांग ज्ञापन सौंपा कर की है। मुख्य सचिव को सौपे गए मांग पत्र में सांसद ने उल्लेख किया है कि चतरा जिले के कान्हाचट्टी, इटखोरी, चतरा व हंटरगंज के कुल तीन सौ इक्कीस गांव घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के साथ भूमि कृषि योग्य है। इसी भूमि से खेतीबाड़ी कर यहां के लोग अपना व परिवार भरण पोषण करते हैं। इस अधिसूचना से क्षेत्र में स्थायित्व को लेकर ऊहा पोह कि स्थिति है और यहां के निवासी काफी परेशान हैं। उन्होंने मुख्य सचिव से अविलंब समुचित निर्णय लेने का आग्रह किया है।



# अमर शहीद शक्ति सिंह के शहादत दिवस पर निकली तिरंगा-यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
प्रखंड मुख्यालय स्थित वीर शहीद शक्ति सिंह स्मारक-स्थल पर गुरुवार को सातवां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय युवाशक्ति रांची के तत्वावधान में, शहीद स्मारक स्थल से पांच सौ मीटर तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तत्पश्चात सिमरिया विधायक किसुन दास द्वारा शहीद की स्मृति में साढ़े छह लाख रुपये की लागत से बनने वाले शहीद शक्ति सिंह पार्क की आधारशिला रखी गई। शहीद की प्रतिमा के समक्ष विधायक और शहीद के पिता अधिवक्ता संत कुमार सिंह द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं विधायक दास, पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह द्वारा शहीद के पिता, अनिल कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह और थानू महतो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मयूरहंड आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा शानदार, जीवंत और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के पूर्व सैनिकों में प्रदेश अध्यक्ष, हजारीबाग जिलाध्यक्ष शंकर सिंह, चतरा जिलाध्यक्ष साहा, मीडिया प्रभारी रमन, चंद्रशेखर सिंह, रामकिंकर सिंह, विनोद सिंह, सुभाष सिंह, सियाराम सिंह, चतरा जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव यादव, युवा भाजपा नेता उज्ज्वल कुमार दास, भाजपा नेत्री सीमा पासवान, स्थानीय प्रबुद्धजनों में हरिश्चंद्र प्रसाद सिंह, रामचंद्र सिंह, समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, राष्ट्रीय युवा शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्वाला प्रताप सिंह, महेंद्र नायक, सैनिक राहुल कुमार सिंह, मुखिया मंजित सिंह, पूर्व शिक्षक आदित्य प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे।



## वर्तमान में संगठन को मजबूत करने में जुटा था, युवाओं की तलाश में था पर पकड़ा गया

# भाकपा माओवादी के शीर्ष नेताओं के साथ काम कर चुका है शंकर राम

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
झारखंड क्रांति मोर्चा नामक उग्रवादी संगठन का सरगना शंकर राम उर्फ सौरभ जी पूर्व में भाकपा माओवादियों के दस्ते में रह चुका है और संगठन के शीर्ष नेताओं के साथ काम कर चुका है। वह छत्तीसगढ़ इलाके में संगठन का काम देखता था। वह कई कांडों में शामिल रहा है और दो बार जेल भी जा चुका है। माओवादियों से अलग होकर अपना संगठन चला रहा था। इन दिनों वह अपने संगठन के दस्ते के लिए लड़कों की तलाश में था, लेकिन उससे पहले ही 16 अगस्त को पुलिस के हत्थे चढ़ गया।



### पुलिस कप्तान को मिली थी गुप्त सूचना

सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के कुमंडी, बेंदी व लेधपा क्षेत्रों में झारखंड क्रांति मोर्चा नामक उग्रवादी संगठन के लोग विकास कार्यों में लगे संवेदकों से लेवी वसूलने एवं किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हैं। सूचना के बाद पुलिस कप्तान ने सीआरपीएफ के 214 वीं बटालियन के कमाडेंट केडी जोशी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया। टीम जब बेंदी ग्राम के आसपास के जंगलों में पहुंची तो झारखंड क्रांति मोर्चा का सरगना शंकर राम उर्फ सौरभ जी तथा उसकी पत्नी कविता को संदिग्ध अवस्था में देखा। पूछताछ के क्रम में उन्होंने अपनी पहचान बतायी। पुलिस ने एक डायरी भी बरामद की है, जिसमें झारखंड क्रांति मोर्चा का विवरण अंकित है। पुलिस ने दोनों को गुरुवार को जेल भेज दिया है।

**आठ मामले हैं दर्ज :** शंकर राम पर लातेहार व पलामू जिला के विभिन्न थानों में कुल आठ मामले दर्ज हैं। इनमें मनिका थाना में दो, सतबरवा में एक, गारू में दो, बरवाडीह में दो, मनिका व चंदवा में एक-एक मामले दर्ज हैं। वह दो बार जेल भी जा चुका है और जमानत पर छूटा था। छापामारी में सीआरपीएफ 214 वीं बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी, सहायक कमांडेंट प्रहलाद रजक, सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि दिवाकर धोबी, सअनि किशोर पासवान समेत महिला आरक्षी एवं सीआरपीएफ 214 वीं तथा क्यूएटी के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सिम्प्लेक्स कंपनी से लेवी मांगने वाले जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
टंडवा थाना क्षेत्र में संचालित नार्थ करनपुरा ताप विद्युत परियोजना में कार्यरत सिम्प्लेक्स कंपनी से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी द्वारा लेवी की मांग करने वाले एक सक्रिय सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ आईपीएस शंभू सिंह के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बुधवार को मामला दर्ज होने के 24 घंटों के अंदर हीं जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य फलेंद्र उर्फ ठुपा गंझू पिता ठाकुर दयाल गंझू को उसके लातेहार जिला जिला अंतर्गत बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया टोला बरवाटोला घर से गिरफ्तार किया।



पत्रकारों को थानेदार सिंह ने बताया कि सिम्प्लेक्स कंपनी के अधिकारी द्वारा लेवी मांगने व धमकी देने के संदर्भ में दी गई लिखित शिकायत थाना कांड संख्या 171/2023 में दर्ज कर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। वहीं गिरफ्तार आरोपी के पास से कांड में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। साथ हीं, संगठन के अन्य अपराधियों को चिन्हित किया जा चुका है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी अभियान में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के साथ पुअनि अशोक कुमार, पुअनि अभिनव आनंद, पुअनि रंजीत मंडल आदि शामिल थे।

# भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी की पुण्यतिथि

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह/महुआडांड**
बरवाडीह प्रखंड में बुधवार को बरवाडीह व छिपादोहर भाजपा मंडल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई। छिपादोहर में भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता के आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थितभाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य भीमागिरी, भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, महामंत्री मुन्ना गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष मुरारी यादव, मंडल उपाध्यक्ष बृजदेव प्रसाद, अशोक ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, गंगेश्वर ठाकुर, नरेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रेम गुप्ता, विदेशी राम, सतीश वर्मा, सतनारायण शाह, योगेश्वर सिंह आदि ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया। वहीं मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह की अगुवाई में पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, बिरेंद्र जयसवाल, मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, दिलीप पासवान, कृष्णा यादव, प्रदीप सिंह, हेमंत कश्यप, पारस जायसवाल आदि उपस्थित थे।

वहीं महुआडांड प्रखंड में बुधवार को दो अलग अलग स्थानों पर भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई। जिला परिषद डाक बंगला परिसर में अपराह्न लगभग 12 बजे भाजपा नेता सह प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। मौके पर भाजपा नेता भुवनेश्वर सिंह, हिंदू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल, बजरंग दल के विभाग सह संयोजक पलामू प्रमंडल के सुरज प्रसाद, महुआडांड मंडल भाजपा के महामंत्री जमुना प्रसाद, प्रदीप जायसवाल, संघ के खंड प्रमुख राजन कुमार, दिलीप प्रसाद, सुचीत प्रसाद, संजय राय, विजय प्रसाद जायसवाल, मिथुन तमेड़ा, केश्वर प्रसाद, प्रशांत सिंह आदि मौजूद थे। वहीं भाजपा कार्यालय में लगभग शाम 7:15 बजे भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभु प्रसाद के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। मौके पर लातेहार जिला भाजपा उपाध्यक्ष भानु प्रसाद, आनंद नाथ शाह, प्रशांत सिंह, अजय प्रसाद, राकेश प्रसाद आदि मौजूद थे।





# विकास को लेकर विधायक ने की ग्रामीणों संग बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**
मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के बेला परोरिया कैलाश धाम मंदिर विकास को लेकर गुरुवार को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास पहुंचे और पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात विधायक ने प्रबंधन समिति व ग्रामीणों साथ मंदिर विकास को लेकर बैठक की। बैठक में सेवानृवित शिक्षक रामचंद्र सिंह ने मंदिर विकास के लिए चहारदीवारी, पूर्व मुखिया शिवशेवक प्रसाद सिंह ने बाजार के लिए शेड समेत अन्य व्यवस्था की मांग की। वहीं विकास की पहल की शुरूआत करते हुए सिमरिया विधायक ने सामुदायिक भवन, बाजार शेड निर्माण की घोषणा की। साथ ही लोगों ने कहा कि कैलाश धाम में महाशिव रात्रि, श्रावण पूर्णिमा के कार्यक्रम की ख्याति दूर-दूर तक फैले इसे लेकर पहल की जायेगी। इस मौके पर भाजपा नेता उज्ज्वल दास, डोमन राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकुमार सिंह, राजेंद्र राम, सुरेंद्र सिंह, इटखोरी विधायक प्रतिनिधि निरंजन सिंह, पूर्व मुखिया सिताराम दांगी, उपेंद्र सिंह, अमित सिंह, कमलेश कुमार सिंह, मंगलेश कुमार सिंह समेत दर्जनों गांव के ग्रामीणों उपस्थित थे।

# हाथियों ने दो घर किये ध्वस्त, कई की फसल भी रौंदी

## बारियातु प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी, वन विभाग उदासीन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
थाना क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। बीते बुधवार की रात्रि प्रखंड की दो पंचायत फुलसु के मंजुआखाड़ स्थित हेठार टोला व साल्वे के बरनी में हाथियों के झुंड ने आधा दर्जन से अधिक किसानों की लगी मक्का, धान की फसल को बर्बाद कर दिया, जबकि फुलसु के मतकोमा स्थित हेठार टोला निवासी मजदूर सुरेश गंडू व नरेश गंझु दोनों पिता साधो गंझु के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज सहित कई घरेलू सामान के अलावा फस्ल को भी कुचल कर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। इससे दोनों मजदूर का लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।



पीड़ित मजदूरों ने बताया कि बुधवार के मध्य रात्रि हाथियों का झुंड आ धमका और घर को क्षतिग्रस्त करने लगा। आवाज सुनकर हमसभी उठे तो देखा कि हाथियों द्वारा घर ध्वस्त किया जा रहा है। किसी तरह हमसभी ने घर से निकल कर अपनी जान बचायी और गांव वालों को जगाया लेकिन तब तक हाथियों ने हम दोनों के घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज व पास में लगी मक्का व धान की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। गुरुवार सुबह घटना की सुचना उप प्रमुख निशा शाहदेव को दी गयी। इसके बाद उप प्रमुख शाहदेव, समाजसेवी सह कांग्रेस नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, समाजसेवी दीपक गंझु व फॉरेस्ट्र मंगल सिंह सहित कई लोग पीड़ित के घर पहुंचे और दोनों घरों व फसलों का जायजा लिया। वन विभाग अधिनियम के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। ज्ञात हो की बालूमाथ, बारियातु व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र में बीते पांच वर्षों से हाथियों का उत्पात जारी है। खेती के मौसम में कई किसानों की फसल नस्ट कर दी जाती है। वहीं कई किसान फसल भी नहीं लगाते हैं, क्योंकि हाथियों द्वारा क्षति किये जाने पर उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है और वन विभाग का चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीण किसान भुनेश्वर यादव, बिनोद उरांव, मंगर गंझु, रति गंझु, कुलेश्वर भगत, शिला मसोमात, छठु गंझु, दीपु सिन्हा, प्रकाश भुईयां सहित दर्जनों किसानों ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से उचित मुआवजा दिलाने के साथ-साथ टॉर्च की भी मांग की है तथा एक्सपर्ट टीम बुला कर अविलंब हाथियों को क्षेत्र से भगाने की मांग की है।

## संक्षिप्त

### रेलवे ट्रैक के किनारे से अज्ञात का शव बरामद

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत चेटर रेलवे स्टेशन के पक्षिम दिशा में सोंस गांव के समीप पोल संख्या 198/34 198/36 के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। उक्त स्थान पर शव होने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी थी जिसके बाद पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसके शिनाख्त हेतु आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। मृतक सफेद रंग का टी शर्ट और हाफ ट्रैक पैंट पहने हुए हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने की वजह से हुई होगी। पुलिस शव को अपने कब्जे में कर छान बीन में जुटी हुई है।

### आवास के लाभुकों से बीडीओ ने की मुलाकात

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बारियातू, इचाक, बांय, गंगापुर सहित आधा दर्जन गांव में गुरुवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास व बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास के लाभुकों से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने की मुलाकात। इस दौरान बीडीओ ने आवास लाभुकों को जल्द ही आवास पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2017 व 18 वाले आवास लाभुक एक सप्ताह के अंदर आवास को पूर्ण करें, पूर्ण नहीं करने वाले लाभुको पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ के साथ प्रधानमंत्री आवास कोऑर्डिनेटर फरहत नाजनी, पंचायत सेवक कमलेश कुमार वर्मा आदि शामिल थे।

### मगध कोल प्रबंधन ने स्कूल में बांटी खेल सामग्री

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को सीसीएल के मगध-संघमित्रा कोल परियोजना प्रबंधन की ओर से सीएसआर के तहत अर्पिता महिला मंडल द्वारा टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सराढू के उपकापानी में 50 विद्यार्थियों के बीच लंच बॉक्स वितरण किया गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन को कैरम बोर्ड, फुटबॉल, वॉली बॉल, वॉली-बॉल नेट समेत अन्य खेल सामग्री दिया गया। मौके पर पीओ सत्यनारायण सडाला, हसबुन निशा, अंजू कुमारी, श्वेता प्रियदर्शी, दीप्ति चटराज, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### कावड़ियों का दूसरा जत्था देवघर हुआ रवाना



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा एवं गेन्जना पंचायत से लगभग तीन सौ कांवड़िये सावन के पावन महीने में बाबा की नगरी देवघर जल चढ़ाने के लिए गुरुवार को रवाना हुए। उक्त पंचायत से कावड़ियों का ये दूसरा जत्था निकला है। इस जत्थे में पच्चीस महिलाएं भी शामिल हैं जो बाबा के दर्शन एवं जलाभिषेक करेंगी। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग भोले नाथ का दर्शन करने व जल चढ़ाने प्रत्येक वर्ष जाते हैं।

**बैठक** आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा आदि कार्यों की एसी ने की समीक्षा, कहा

# 'अधिग्रहित भूमि के रैयतों को ससमय मुआवजा दें'

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
समाहरणालय के सभा कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, अभियोजन स्वीकृति एवं लंबित गिरफ्तारियों जिसमें जिला प्रशासन के द्वारा एफआईआर दर्ज की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, आधारभूत संरचना, मेगा प्रोजेक्ट, भू-अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक की गई।

पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन की समीक्षा बिन्दुवार की गई। समीक्षा के क्रम में सभी दुर्घटना वाले क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए एनएच 99 और एनएच 100 सड़क में लाईटिंग, रोड रिफलेक्टर, बोर्ड लगाने, सिमरिया, टंडवा एवं बगरा रोड में लाईटिंग के साथ-साथ सीसीटीवी लागाने का भी निर्देश दिया गया। परिसदन भवन एवं समाहरणालय के सामने नो पार्किंग का बोर्ड साफ-साफ अक्षरों में अंकित करते हुए लगाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एसडीपीओ चतरा एवं सिमरिया को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से सभी थाना प्रभारी को निर्देशित करेंगे की परिवहन कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित रूप से वाहनों की जांच हो। समय-समय पर विद्यालयों एवं कॉलेजो के छात्र-छात्राओं के बीच रोड सेफ्टी की जानकारी देते हुए जागरूक करेंगे। साथ ही कहा गया कि सभी थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ आपस में समन्वय स्थापित कर औचक वाहन चेकिंग अभियान चलाएं। वहीं बैठक में शहर को जाम मुक्त करने हेतु सड़क किनारे (फुटपाथ) पर संचालित दुकान को शीघ्र हटाते हुए नवनिर्मित वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। सड़क किनारे सुखे पेड़ो को चिन्हित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। परियोजना क्षेत्र से निकलने वाली वाहन में आवश्यक रूप से तिरपाल ढका रहे यह सुनिश्चित करें। बैठक में सभी मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई एवं विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा भूमि अधिग्रहन के पश्चात रैयतों को मुआवजा भुगतान, वन विभाग से जुड़े मामले, एनओसी, एफआरए, रैयती मान्यता, जीएम लैंड समेत अन्य मामलों की जानकारी लेते हुए अपर समाहर्ता ने संबंधित अधिकारी को अपने स्तर से मामले की समीक्षा कर जल्द उन मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। आपदा प्रबंधन अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं कोविड 19 से संबंधित लंबित प्रस्ताव की विवरणी की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसडीओ मुमताज अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा बिपिन दुबे, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, एसडीपीओ अविनाश कुमार, एसडीपीओ सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, नपा के कार्यपालक पदाधिकारी अभय झा, सभी अंचल अधिकारी, परियोजनाओं के प्रबंधक समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।



# प्रो कबड्डी लीग का 10वां सीजन 2 दिसंबर से



**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीजन की शुरूआत 2 दिसंबर 2023 से होगी। लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने घोषणा की कि पीकेएल का दसवां सीजन 12-शहर कारवां प्रारूप में वापसी करेगा। पीकेएल सीजन 10 की तारीखों पर अनुपम गोस्वामी, (प्रमुख स्पोर्ट्स लीग, मशाल स्पोर्ट्स और लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग) ने कहा, हमने देखा है कि पीकेएल के पिछले नौ सीजन में कबड्डी पूरे भारत में एक ऐसे खेल के रूप में फैल रहा है जिसे लोग सफलता के साथ देखना और खेलना पसंद करते हैं। अब, अपने ऐतिहासिक दसवें संस्करण के साथ, हम इस खेल को आगे बढ़ाने और एक ऐसा मंच बने रहने के लिए उत्साहित हैं, जिसने दुनिया भर से कबड्डी के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिभाओं को उभरते देखा है।

# भारत-आयरलैंड के बीच पहला टी-20 मैच आज

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भारतीय क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार को खेलेगी। इस मैच में सभी की निगाहें लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर होंगी, जो श्रृंखला में भारतीय टीम का नेतृत्व भी कर रहे हैं। इस श्रृंखला के जरिये इस तेज गेंदबाज की फिटनेस और लय का परीक्षण भी किया जाएगा। भारतीय टीम में युवा आईपीएल सितारे रुतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा भी शामिल हैं, लेकिन भारतीय क्रिकेट के हितधारक उत्सुकता से बुमराह पर नजर रखेंगे, जो दो महीने से भी कम समय में शुरू होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के दौरान घरेलू टीम की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण होंगे। 29 वर्षीय बुमराह सर्जरी के बाद वापस आ रहे हैं, उनकी पीठ के निचले हिस्से में तनाव फ्रैक्चर था जो उन्हें 2022 टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान हुआ था। बुमराह पांच दिनों के तीन मैचों में अधिकतम केवल 12 ओवर फेंकेंगे, लेकिन इस श्रृंखला से चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर, एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को यह पता चल जाएगा कि गुजरात के इस खिलाड़ी का मैच फिटनेस कितना बेहतर हुआ है। हालाँकि, 50 ओवर का क्रिकेट एक अलग प्रारूप है जहाँ उन्हें दो से चार ओवर के स्पैल में 10 ओवर फेंकने हैं।

बीसीसीआई ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर, बुमराह की गेंदबाजी का वीडियो जारी किया, जिसमें वह लय में गेंदबाजी करते दिख रहे हैं, जो भारतीय टीम प्रबंधन के लिए एक सुखद दृश्य था। लेकिन मैच की स्थिति पूरी तरह से अलग होगी। द्रविड़ और रोहित दोनों ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से पहले उन्हें जल्दी-जल्दी मौका देकर अपने हाथ जला लिए थे। परिणाम सामने थे, बुमराह की यह आखिरी सीरीज थी।

उन्हें इस साल की शुरूआत में एक घरेलू श्रृंखला के लिए नामित किया गया था, लेकिन अंतिम समय में उन्हें बाहर कर दिया गया। आईपीएल के दो खोज- जितेश और रिंकू को टी20 इंडिया कैप मिलने की उम्मीद है, जबकि शिवम दुबे भी उत्सुक होंगे। बुमराह की तरह, प्रसिद्ध कृष्णा भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं और पीठ के निचले हिस्से में फ्रैक्चर की चोट से पहले, वह भारत की एकदिवसीय टीम का हिस्सा थे।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

देवेन्द्रनाथ पांडे
मझिआंव नगर पंचायत भावी अध्यक्ष पद प्रत्याशी।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मारुतनंदन सोनी
मझिआंव नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी सह युवा समाजसेवी।

नगर पंचायत मझिआंव की ओर से नगर पंचायत वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

आप सभी से अनुरोध है कि नगर पंचायत मझिआंव को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं अपने धृति कर समय पर जमा कर नगर पंचायत मझिआंव को सुदृढ़ बनायें।
सुशील कुमार
कार्यपालक पदाधिकारी गढ़वा।
ज्ञापांक : 686 दिनांक : 10/08/2023

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

महताब अंसारी
समाजसेवी, धुरकी।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

रीता देवी
मझिआंव, खरसोता पंचायत मुखिया।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

इइंद्रदेव उरांव
वार्ड पार्षद वार्ड नंबर 13, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अरुण कुमार सिंह
प्रखंड विकास पदाधिकारी धुरकी।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अब्दुल्ला हक अंसारी
20 सूत्री अध्यक्ष धुरकी इंजीनियर।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विनोद कुमार यादव
ज्ञान सागर पब्लिक आवासीय विद्यालय पॉलिटेक्निक, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

संदीप कुमार
C. V. L. कांट्रेक्टर।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

शहादत अंसारी
भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी धुरकी।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

नंदू प्रजापति
परिंदा पब्लिक स्कूल अम्बाखोरिया प्रिंसिपल व डायरेक्टर धुरकी।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मेघनाथ उराँव
प्रखंड विकास पदाधिकारी, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

करुणा सोनी
प्रमुख रमना प्रखंड।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

स्वीटी वर्मा
मुखिया मडवनिया पंचायत।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अनीता देवी
मुखिया सिलिदाग पंचायत।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

वीरेंद्र प्रसाद
प्रधानाध्यापक उच्च विद्यालय उदयपुरा, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।


आशीष कुमार
निदेशक स्था।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

सुरेंद्र कुमार
जिला परिवहन पदाधिकारी, लातेहार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

कमलेश कुमार पाण्डेय
डीलर संघ के अध्यक्ष रमना।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

कृष्ण कुमार कुशवाहा
थाना प्रभारी, रमना।